Title: Need to set up industries based on Maize and Banana in Khagaria Parliamentary Constituency, Bihar. − Laid.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया):अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के खगड़िया लोक सभा (खगड़िया-भागलपुर एवं कटिहार जिले)में वृहत पैमाने पर मक्का और केले की खेती होती है। जैसा कि अब मक्का से डीजल और पेट्रोल का सब्सिटयूट बनाया जाता है, जिस प्रकार गन्ने से तैयार किया जाता है। केले के रेशे से भी अनेक प्रकार की उपयोगी सामग्री का निर्माण होता है। पूर्वोत्तर बिहार का यह क्षेत्र अत्यंत ही पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योग लगाकर खुशहाली लायी जा सकती है।

अतः मैं पिछड़े खगड़िया जिला में मक्का तथा केले पर आधारित उद्योग लगाने हेतु केन्द्र सरकार से मांग करती हूं। जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के सृजन के साथ साथ किसानों को उसके उत्पाद का उचित मूल्य भी मिल सके।